**प्रेस विज्ञप्ति**

**सॉवरेन स्वर्ण बांड योजना 2020-21 (श्रृंखला VII) - निर्गम मूल्य**

भारत सरकार की अधिसूचना संख्या फ़.संख्या.4(4)-B(W&M)/2020 दिनांक **09 अक्टूबर**,2020 के संदर्भ में, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स 2020-21 (श्रृंखला-VII), 12**-16 अक्टूबर, 2020** की अवधि के लिए खोली जाएगी। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स 2020-21 (श्रृंखला-VII) की निपटान तिथि 2**0 अक्टूबर, 2020** होगी । इस अभिदान अवधि के दौरान बॉन्ड का निर्गम मूल्य ₹ 5,051 (पाँच हजार इक्यावन रुपये मात्र) प्रति ग्राम होगा, जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक की प्रेस विज्ञप्ति दिनांक **09 अक्टूबर, 2020** में भी प्रकाशित किया गया है ।

भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों, जो ऑनलाइन आवेदन करते हैं तथा डिजिटल तरीके से भुगतान करते हैं, को निर्गम मूल्य में रु. 50 (पचास रुपये मात्र) की छूट देने का फैसला किया है। ऐसे निवेशकों के लिए स्वर्ण बांड का निर्गम मूल्य रु 5,001 (पांच हजार एक रुपये मात्र) प्रति ग्राम स्वर्ण होगा।

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
बजट प्रभाग
नॉर्थ बलॉक,
नई दिल्ली- 110001.
**दिनांकः 09 अक्टूबर, 2020**